सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-536
27/11/2018

मुख्यमंत्री ने हजरत सैयद शहीद गुलाम सफदर पीर मुराद शाह रहमतुल्लाह अलेह के आस्ताने पर हाजिरी दी, चादरपोशी की

पटना, 27 नवम्बर :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शाम बड़े अदब ओ एहतराम के साथ पटना हाईकोर्ट स्थित हजरत सैयद शहीद गुलाम सफदर पीर मुराद शाह रहमतुल्लाह अलेह के आस्ताने पर हाजिरी दी और अकीदत के फूल और चादर आस्ताने पर पेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य एवं राज्यवासियों के सुख, शांति, समृद्धि के लिये खुदा–ए–पाक से दुआयें की। उन्होंने राज्यवासियों के बीच आपसी मेल–जोल, भाईचारा और सद्भाव के रिश्तों को मजबूत किये जाने की भी दुआ की।

इस अवसर पर इमाम मोहम्मद अजमतुल्लाह रहमानी, सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मोहम्मद इरशादुल्लाह सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

******